छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष (का.) 0771–2439562, फैक्स 0771–2331525, 2446556 वेबसाइट : www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 6444/ 01/चयन/2022/ रायपुर दिनांक 13 JAN 2022

साक्षात्कार स्थगन सूचना

छ.ग. लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 08/2021/परीक्षा/दिनांक 23/10/2021 के द्वारा छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत चिकित्सा विशेषज्ञ के विज्ञापित कुल 12 विषयों के 641 पदों के दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार दिनांक 25.01.2022 से 31.01.2022 तक आयोजित किया जाना था।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 3–93/2021/पचपन, नवा रायपुर, दिनांक 11.01.2022 कि अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन चिकित्सा शिक्षकों एवं चिकित्सकों के पदों को, जो आयोग के माध्यम से भरे जाते हैं, उक्त पदों को वर्तमान में कोविड–19 महामारी एवं चिकित्सकों की अनुपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा वित्त निर्देश 21/2020 दिनांक 29.07.2020 के प्रावधानों से छुट प्रदान करते हुए नियुक्ति पर 100 प्रतिशत वेतन दिये जाने की सहमति प्रदान की गई है। विभाग के संदर्भित पत्र के अनुक्रम में आयोग द्वारा विचारोपरांत विज्ञापित पदों हेतु पुनः ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की जाएगी, जिसके संबंध में पृथक से सूचना जारी की जायेगी।

अतः विभागीय पत्र के आधार पर आयोग द्वारा जारी निर्धारित साक्षात्कार कार्यक्रम को स्थगित किया जाता है। साक्षात्कार की संशोधित तिथि की सूचना आयोग की वेबसाइट पर पृथक से जारी की जाएगी।

(माननीय अध्यक्ष, छ.ग. लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित)

13.1.2022

परीक्षा नियंत्रक

छ.ग.लोक सेवा आयोग,

नवा रायपुर, (छ.ग.)